भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 1241

दिनांकः 30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्राकृतिक रबर

1241. एडवोकेट के. फ्रांसिस जॉर्जः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अग्रिम प्राधिकार योजना के अंतर्गत शुल्क हकदारी पासबुक लाइसेंस धारकों की निर्यात दायित्व अवधि को छह माह से बढ़ाकर बारह माह करने की सिफारिश की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या सरकार ने प्राकृतिक रबर के बड़े पैमाने पर शुल्क–मुक्त आयात से बचने की सिफारिश को अस्वीकार करने के लिए कोई कदम उठाए हैं, जिससे बाजार में रबर की पूर्ति आवश्यकता से बहुत अधिक हो गई है और इसके परिणामस्वरुप प्राकृतिक रबर की कीमत में भारी गिरावट आई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि देश में प्राकृतिक रबर उत्पादन के क्षेत्र को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संकट से उबरने के लिए क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ.) क्या सरकार ने देश में प्राकृतिक रबर के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(च) क्या प्राकृतिक रबर का आयात घरेलू उत्पादन से अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) वित्त वर्ष 2015 से 2023 के दौरान प्राकृतिक रबर के घरेलू उत्पादन और आयात के आंकड़ों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ग) निर्यात सुविधा और व्यापार करने में सुगमता के लिए सरकार समय–समय पर अपनी नीति की समीक्षा करती है। तदनुसार, प्रक्रिया पुस्तक, 2023 के परिशिष्ट 4ञ के तहत कुछ वस्तुओं के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र स्कीम के तहत निर्यात दायित्व अवधि के विस्तार के मामले पर सभी हितधारकों के विचार आमंत्रित किए गए हैं।

(घ) से (ङ.) प्राकृतिक रबर (एनआर) उत्पादन क्षेत्र से सरकार को इस क्षेत्र में वित्तीय संकट की कोई सूचना नहीं मिली है। देश में प्राकृतिक रबर के उत्पादन में पिछले तीन वर्षों के दौरान वृद्धि देखी गई है, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका–एनआर उत्पादन 2021–2022 से 2023–24

वर्ष	उत्पादन (टन में)
2021–22	7,75,000
2022–23	8,39,000
2023–24	8,57,000

(स्रोतः रबर बोर्ड)

सरकार ने घरेलू प्राकृतिक रबर उत्पादन को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैः

- रबर बोर्ड ने पारंपरिक क्षेत्रों के लिए 5 और उत्तर पूर्व भारत के लिए दो उच्च उपज देने वाले क्लोन जारी किए हैं। क्लासिकल ब्रीडिंग और अनुवांशिक संशोधन के माध्यम से उच्च उपज और जलवायु लचीलेपन वाले क्लोन विकसित करने के लिए अनुसंधान जारी है।
- वर्षा ऋतु के दौरान दोहन के लिए रबर के पौधे की वर्षा से सुरक्षा के उपाय किए गए हैं।
- बीमारियों के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए समय पर छिड़काव के माध्यम से उपाय किए गये है, क्योंकि बीमारियां प्राकृतिक रबर के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं।
- रबर की खेती के तहत क्षेत्र का विस्तार करने के लिए रबर वृक्षारोपण विकास स्कीम लागू की गई।
- विभिन्न अच्छी कृषि पद्धतियों को लोकप्रिय बनाने के लिए रबर उत्पादक क्षेत्रों में किसान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।
- रबर की वैज्ञानिक खेती, कटाई और प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गये हैं।
- उत्तर पूर्वी राज्यों में रबर की खेती के विस्तार के लिए ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) के सहयोग से एक सहयोगात्मक परियोजना कार्यान्वित की गई है।

(च) जी नही।

(छ) वित्तीय वर्ष 2015 से 2023 के लिए प्राकृतिक रबर (एनआर) के घरेलू उत्पादन और आयात के आंकड़ों का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है।

वर्ष	एनआर उत्पादन (टन)	एनआर आयात (टन)
2015-16	5,62,000	4,58,374
2016-17	6,91,000	4,26,188
2017-18	6,94,000	4,69,760
2018-19	6,51,000	5,82,351
2019-20	7,12,000	4,57,223
2020-21	7,15,000	4,10,478
2021-22	7,75,000	5,46,369
2022-23	8,39,000	5,28,677
2023-24	8,57,000	4,92,682

(स्रोतः रबर बोर्ड)

*****